भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 745
दिनांक 23 जुलाई, 2026

गैर-अनुकूल वाहनों के लिए ई-20 पेट्रोल की उपलब्धता

†745. **श्री शाहू शहाजी छत्रपतीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूरे देश के सभी सरकारी और गैर-सरकारी ईंधन खुदरा व्यापारियों के लिए 20% इथेनॉल-ब्लेंडेड पेट्रोल (ई-20) बेचना अनिवार्य कर दिया है, जिससे ई-10 और ब्लेंड न किए गए पेट्रोल का प्रयोग धीरे-धीरे बंद हो जाएगा और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गैर-सरकारी तेल विपणन कंपनियों या विशेष खुदरा विक्री केन्द्रों को ई-20 के गैर-अनुकूल वाहनों वाले ग्राहकों को कम इथेनॉल-ब्लेंडेड पेट्रोल बेचने की छूट दी गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ई-20 ईंधन का प्रयोग करने वाली पुरानी गाड़ियों में इंजन के जल्दी खराब होने, ईंधन की कम क्षमता और उसके बाद मोटर बीमा दावों से जुड़े विवादों की खबरों का संज्ञान लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा वर्तमान में सड़कों पर चल रहे लाखों ई-20 के गैर-अनुकूल दो पहिया और यात्री वाहनों के लिए ईंधन अनुकूलता के विकल्पों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहें हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख): इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु सरकार की नीति के अनुसार, तेल विपणन कंपनियों को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में संबंधित भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) विनिर्देशों के अनुरूप 20% तक इथेनॉल युक्त इथेनॉल मिश्रित मोटर स्पिरिट की आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, 1 अप्रैल 2026 से, न्यूनतम अनुसंधान ऑक्टेन संख्या (आरओएन) 95 वाले इथेनॉल मिश्रित मोटर स्पिरिट को संबंधित वैधानिक प्रावधानों के तहत अधिसूचित किया गया है।

(ग): इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम को नीति आयोग, ऑटोमोबाइल निर्माताओं, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी), ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम), भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) और अन्य तकनीकी संस्थानों को शामिल करते हुए एक चरणबद्ध, वैज्ञानिक रूप से मान्य और परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से लागू किया गया है।

इथेनॉल नया ईंधन नहीं है। इसका उपयोग विश्व स्तर पर एक सदी से अधिक समय से हो रहा है, और ब्राजील जैसे देश दशकों से उच्च इथेनॉल मिश्रण का उपयोग कर रहे हैं। भारत में, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ, 2006 में ई5 को पेश किया गया, और

यद्यपि 2013-14 में मिश्रण लगभग 1.53% रहा, आवश्यक उत्पादन क्षमता, बुनियादी ढांचे और नियामक ढांचे के निर्माण के बाद इसे धीरे-धीरे और सुनियोजित तरीके से बढ़ाया गया है।

उच्चतर इथेनॉल मिश्रणों को लागू करने का कार्य ऑटोमोबाइल निर्माताओं, एसआईएएम, एआरएआई, घटक निर्माताओं, परीक्षण एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज़) के साथ व्यापक परामर्श के बाद ही किया गया था।

ईंधन दक्षता, इंजन प्रदर्शन, रखरखाव लागत और समग्र ड्राइविंग अनुभव के संबंध में ई20 पेट्रोल के उपयोग को लेकर वाहन निर्माताओं, ऑटोमोबाइल संघों या उपभोक्ता संगठनों से सरकार को कोई व्यापक या पुष्ट शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि, सरकार ने मीडिया और सोशल मीडिया में उठाई गई कुछ चिंताओं, जिनकी वैज्ञानिक रूप से जांच की गई है, पर ध्यान दिया है।

एआरएआई, एसआईएएम, आईओसीएल, आईआईपी और ऑटोमोबाइल निर्माताओं द्वारा किए गए व्यापक प्रयोगशाला अध्ययनों और फील्ड परीक्षणों में इंजन की मजबूती, चलाने की क्षमता, स्टार्ट करने की क्षमता, जंग प्रतिरोध, सामग्री अनुकूलता, उत्सर्जन और ईंधन दक्षता जैसे मापदंडों को शामिल किया गया है और यह पुष्टि की गई है कि ई20 निर्धारित मानकों के तहत सुरक्षित है।

इन अध्ययनों से यह भी सिद्ध हुआ कि ई20 ईंधन के कारण पारंपरिक वाहनों के प्रदर्शन में कोई महत्वपूर्ण बदलाव या असामान्य टूट-फूट नहीं होती है। व्यापक प्रयोगशाला अध्ययनों, फील्ड सत्यापन और वास्तविक परिचालन अनुभव से ई20 ईंधन के कारण वाहन के प्रदर्शन पर किसी व्यापक प्रतिकूल प्रभाव की पुष्टि नहीं हुई है।

सरकार का आकलन न केवल प्रयोगशाला अनुसंधान पर आधारित है, बल्कि राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के बाद व्यापक अनुभव पर भी आधारित है। भारत में प्रतिदिन लगभग 8 करोड़ वाहन खुदरा दुकानों पर आते हैं (जिनमें से लगभग 80% पेट्रोल वाहन होते हैं)।

इस तथ्य से यह स्पष्ट होता है कि ई15+ मिश्रित पेट्रोल साढ़े तीन वर्ष से अधिक समय से और ई19-ई20 ईंधन ढाई वर्ष से अधिक समय से व्यापक रूप से उपयोग में है। 2 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन और 3 करोड़ से अधिक पेट्रोल कारें इन मिश्रणों पर चल रही हैं और इथेनॉल मिश्रण के कारण इंजन की व्यापक खराबी या वाहन के टूटने का कोई सत्यापित साक्ष्य नहीं मिला है। निर्माता सेवा डेटा इस बात की पुष्टि करता है कि ई20 ईंधन के कारण असामान्य जंग, घिसाव या वाहन के जीवनकाल में कमी नहीं होती है। निर्माता ई20 ईंधन का उपयोग करने वाले वाहनों के लिए वारंटी दायित्वों का पालन करना जारी रखते हैं, जिससे इसकी सुरक्षा और विश्वसनीयता के प्रति अधिक विश्वास बढ़ता है।

एक प्रमुख ओईएम ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 2.84 करोड़ वाहनों की सर्विसिंग की, जिनमें लगभग 1.5 करोड़ वाहन ऐसे थे जिन्हें मूल रूप से ई20-संगत प्रमाणित नहीं किया गया था। कंपनी ने ई20 से संबंधित जंग, असामान्य घिसाव या पुर्जों के जीवनकाल में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं दी। एक प्रमुख दोपहिया वाहन कंपनी ने भी इसी तरह का अनुभव बताया है। एक ओईएम ने हाल ही में कहा कि 1.4 करोड़ ई20-चालित वाहनों के लंबे समय तक किए गए सर्वेक्षण के आंकड़ों से इथेनॉल-प्रेरित जंग का कोई सबूत नहीं मिला। एआरएआई ने पुनः पुष्टि की कि वाहन उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले कठोर अंतरराष्ट्रीय मानक सत्यापन से गुजरते हैं।

माइलेज के संदर्भ में, सरकारी एजेंसियों और वाहन निर्माताओं द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि ईंधन दक्षता कई कारकों से प्रभावित होती है, जिनमें ड्राइविंग की स्थितियाँ, ड्राइविंग की आदतें और वाहन का रखरखाव शामिल हैं। कुछ ई10 डिज़ाइन वाले वाहनों में ईंधन दक्षता में कमी आमतौर पर लगभग 3-5% तक ही सीमित होती है, जबकि ई20 उच्च ऑक्टेन रेटिंग, बेहतर एंटी-नॉकिंग गुण, स्वच्छ दहन और सुचारू इंजन प्रदर्शन प्रदान करता है।

ई20 के वैज्ञानिक मूल्यांकन और चरणबद्ध कार्यान्वयन के हर चरण में ऑटोमोबाइल निर्माता, घटक आपूर्तिकर्ता, एसआईएएम, एआरएआई, परीक्षण एजेंसियां और तेल विपणन कंपनियां शामिल थीं। ईंधन प्रणालियों, इंजन की मजबूती, संचालन क्षमता, उचित सामग्री अनुकूलता और उत्सर्जन प्रदर्शन के सफल सत्यापन के बाद ही ई20 को लागू किया गया। इन अध्ययनों से यह भी सिद्ध हुआ कि ई20 के कारण पुराने वाहनों के प्रदर्शन में कोई महत्वपूर्ण बदलाव या असामान्य टूट-फूट नहीं होती है।

एसआईएएम और एआरएआई के अनुसार, ई20 त्वरण और राइड गुणवत्ता में सुधार करता है, साथ ही कार्बन उत्सर्जन को कम करता है। इथेनॉल का उच्च ऑक्टेन मान आधुनिक उच्च-संपीडन इंजनों के लिए उपयुक्त है और इसकी उच्च वाष्पीकरण ऊष्मा दहन दक्षता को बढ़ाती है।

ई20 की ओर परिवर्तन से राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुए हैं। इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम से 1.97 लाख करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है, लगभग 316 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल का प्रतिस्थापन हुआ है, लगभग 952 लाख मीट्रिक टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और किसानों को 1.66 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लाभ अंतरित हुआ है।

(घ) सरकार की नीति जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति और भारत की ऊर्जा सुरक्षा और उत्सर्जन कटौती उद्देश्यों के अनुरूप स्वच्छ, अधिक कुशल और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ ईंधनों की ओर क्रमिक रूप से बदलाव करना है।

ई20 में परिवर्तन चरणबद्ध, परामर्शपूर्ण और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित प्रक्रिया है, जिसमें ऑटोमोबाइल निर्माताओं, एआरएआई, एसआईएएम, तेल विपणन कंपनियों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श किया गया है। इसे लागू करने से पहले सामग्री अनुकूलता, इंजन स्थायित्व, ईंधन प्रणाली, संचालन क्षमता, उत्सर्जन और प्रदर्शन का व्यापक मूल्यांकन किया गया।

वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और व्यापक परीक्षणों के बाद ऑटोमोबाइल उद्योग द्वारा स्वीकृत होने के कारण, ई0/ई10 पेट्रोल पर वापस लौटने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सार्वजनिक नीति का उद्देश्य बेहतर ईंधन की ओर बढ़ना है, न कि निम्न स्तर के ईंधन पर लौटना।

एक लाख से अधिक खुदरा बिक्री केन्द्रो पर ई0, ई10 और ई20 पेट्रोल के लिए समानांतर राष्ट्रव्यापी आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने से रसद की जटिलता, इन्वेंट्री और हैंडलिंग लागत में काफी वृद्धि होगी। सार्वजनिक नीति को उपभोक्ता सुविधा, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और किसान कल्याण के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए।

एक बार जब स्वच्छ और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित ईंधन को अपना लिया जाता है, तो उद्देश्य बेहतर तकनीक के साथ आगे बढ़ना होता है, न कि किसी निम्न स्तर के मानक पर वापस लौटना।

*****